आज दिनांक 28-02-2026 को राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ में संचालित आपदा मित्र (द्वितीय चरण) 8वें बैच का समापन समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। सेनानायक श्री अमित कुमार के निर्देशन में चल रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी डॉ आर.के. स्वर्णकार ने प्रशिक्षुओं को आपदाओं के समय फर्स्ट रेस्पॉन्डर के रूप में संवेदनशीलता, त्वरित प्रतिक्रिया एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान MFR (Medical First Responder), First Aid, CBRN आपदा प्रबंधन, भूकंप, बाढ़ एवं आकाशीय बिजली से बचाव सहित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने अपने अनुभव साझा किए तथा समाज में जागरूकता एवं सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।